

18 दिसम्बर 2023

# कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट



## प्रमुख खबरें

- ईआईए के अनुसार, वैश्विक स्तर पर तरल ईंधन की खपत 2023 में 1.8 मिलियन बैरल/दिन और 2024 में 1.3 मिलियन बैरल/दिन बढ़ने का अनुमान है।
- ईआईए ने कहा है कि भारत में तरल ईंधन की खपत, जिसमें कच्चा तेल और रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं, 2024 में औसतन 0.3 मिलियन बैरल प्रति दिन बढ़ने की उम्मीद है।
- खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने कहा है कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लाभार्थियों ने ₹7,126 करोड़ का निवेश किया है और अप्रैल-सितंबर अवधि तक ₹49,825 करोड़ की कुल बिक्री की सूचना दी है।
- आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से मैनुफैक्चरिंग, खनन और बिजली क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के कारण अक्टूबर में भारत की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 16 महीने के उच्चतम स्तर 11.7 प्रतिशत पर पहुंच गई।
- सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार यात्री वाहन सेगमेंट में, नवंबर के दौरान घरेलू बिक्री सालाना आधार पर लगभग चार प्रतिशत बढ़कर 3,34,130 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 3,22,268 इकाई थी।
- राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) के आंकड़ों के अनुसार दुनिया के सबसे बड़े इस्पात उत्पादक चीन ने पिछले महीने 76.1 मिलियन मीट्रिक टन लौह धातु का निर्माण किया, जो अक्टूबर के 79.09 मिलियन टन से कम है।
- कीमती धातुओं के व्यापार और क्लियरिंग के लिए एक अग्रणी मंच, इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड (आईआईबीएक्स) ने चांदी के पांच नए कॉन्ट्रैक्ट शुरू करने की घोषणा की है। चांदी के कॉन्ट्रैक्टों का उद्घाटन 13 दिसंबर 2023 को किया गया था और शुरूआत के दिन ही 3 टन चांदी के ग्रेन का व्यापार किया गया।
- अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने लगातार तीसरी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी बैठक में बेंचमार्क ब्याज दरों को 5.25 प्रतिशत- 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।

## NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 08.12.23 | 14.12.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| गुड़ | 1325.00 | 1385.00 | 4.53% |
| जीरा | 36860.00 | 38405.00 | 4.19% |
| धनिया | 7234.00 | 7462.00 | 3.15% |
| हल्दी | 12554.00 | 12930.00 | 3.00% |
| मक्का | 2206.00 | 2260.00 | 2.45% |

## MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 08.12.23 | 14.12.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| मेंथा ऑयल | 901.30 | 940.70 | 4.37% |
| सोना गिनी | 49120.00 | 50296.00 | 2.39% |
| सोना पेटल | 6007.00 | 6138.00 | 2.18% |
| सोना | 61364.00 | 62454.00 | 1.78% |
| तांबा | 715.70 | 727.15 | 1.60% |

## NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 08.12.23 | 14.12.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| सीसेमसीड | 17445.00 | 17020.00 | -2.44% |
| कैस्टर सीड | 5914.00 | 5798.00 | -1.96% |
| ग्वारगम | 11008.00 | 10816.00 | -1.74% |
| जौ | 2143.50 | 2111.50 | -1.49% |
| ग्वारसीड | 5547.00 | 5467.00 | -1.44% |

## MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

| कमोडिटी | 08.12.23 | 14.12.23 | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| नेचुरल गैस | 238.70 | 196.60 | -17.64% |
| कच्चा तेल | 6374.00 | 6017.00 | -5.60% |
| लेड | 186.15 | 184.30 | -0.99% |
| निकल | 1413.50 | 1400.80 | -0.90% |
| एल्युमीनियम | 201.80 | 200.45 | -0.67% |

## साप्ताहिक समीक्षा

बाजार में तेजी का रूझान था और सांस रोककर फेडरल रिजर्व के ब्याज दर फैसले का इंतजार कर रहा था। फेड ने प्रमुख ब्याज दर को 5.5% पर अपरिवर्तित रखा। फेड की नरम टिप्पणियों ने 2024 में दरों में तीन कटौती की संभावना का संकेत दिया, और साथ ही संकेत किया कि ब्याज दर में कटौती की प्रवृत्ति 2025 और 2026 तक जारी रहेगी। इस घोषणा के कारण डॉलर सूचकांक और अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में अचानक गिरावट हुई, जिससे कमोडिटीज की कीमतों में अपने निचले स्तर से उछाल दर्ज की गई। उछाल के बावजूद, सीआरबी सूचकांक अंततः 295 अंक के करीब मँडराते हुए बंद हुआ। डॉलर अपने प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले दो सप्ताह के निचले स्तर पर लुढ़क गया, जिससे अन्य मुद्रा धारकों के लिए सोना कम महंगा हो गया, जबकि अमेरिकी बेंचमार्क 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड अगस्त के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर गिर गई। फेडरल रिजर्व के लचीले बयान के बाद भारतीय रुपये में मजबूती आई, जिससे भारत सोने की बढ़त में ठहराव आ गया। सर्राफा में जोरदार रिकवरी हुई, और कॉमेक्स पर सोने की कीमतें शुरू में 1980 डॉलर तक गिर गई और फिर 2040 डॉलर तक पहुंच गई। चाँदी भी इसी तरह से कारोबार करते हुए 24 डॉलर के करीब पहुँची। इस बीच, ऊर्जा क्षेत्र में नेचुरल गैस की कीमतें छह सप्ताह में 3.4 डॉलर से गिरकर 2.2 डॉलर हो गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतें कुछ हफ्तों में 88 डॉलर से फिसलकर 68 डॉलर हो गई। अधिक आपूर्ति की चिंताओं के कारण कीमतें छह महीने में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई और अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के बाद उपभोक्ता कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। तांबे की कीमतों ने साप्ताहिक गिरावट से उबरने का प्रयास किया लेकिन अंततः लाल निशान में बंद हुआ क्योंकि शीर्ष आयातक चीन में आर्थिक मंदी को लेकर लगातार चिंता ने ब्याज दरों में कमी को लेकर उम्मीदों को काफी हद तक कम कर दिया। दूसरी ओर, लेड, एल्युमीनियम और जिंक जैसी बेस मेटल को महत्वपूर्ण समर्थन मिला।

कृषि कमोडिटीज में बिकवाली का दबाव हावी रहा और अरंडी की कीमतें 5900 के स्तर से नीचे बंद हुई। सूरजमुखी तेल की कीमतों में लगातार चौथे हफ्ते गिरावट हुई। कॉटन की कीमतों को 57100 के करीब रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा और यह 56650 के नीचे बंद हुआ, जबकि कॉटनऑयलसीडकेक की कीमतें काफी उतार-चढ़ाव के साथ हाल के उच्चतम स्तर 2975 से नीचे 2800 के करीब बंद हुई। बढ़ते आवक दबाव और सीमित मांग के कारण कीमतों पर दबाव रहा। 13 दिसंबर को लगभग 1.55 लाख गांठ कपास की आवक हुई जबकि कुल आवक 61.7 लाख गांठ तक पहुंच गई है। कमजोर निर्यात मांग के कारण ग्वार बाजार में लगातार चौथे सप्ताह मंदी का दबाव बना हुआ है। मसाला बाजार में कई सप्ताह से जारी गिरावट पर विराम लगा और मेंथा की कीमतों में तेजी बरकरार रही। बाजार में आपूर्ति कम होने और बाजार में शॉर्ट कवरिंग शुरू होने से हल्दी की कीमतों को मदद मिली। सीमित स्टॉक के मुकाबले भौतिक बाजार में मांग बढ़ने से जीरा की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। कीमतों में लगातार गिरावट से निर्यात पूछताछ में सुधार की उम्मीद है। वर्ष 2023 में उत्पादन में गिरावट के साथ आपूर्ति घट गई, जिससे मेंथा की कीमतें बढ़ गई।

## हाजिर कीमतें

| कमोडिटी | स्थान | 08.12.2023 | 14.12.2023 | बदलाव( % ) |
|---|---|---|---|---|
| जौ | जयपुर | 2,138.25 | 2,108.80 | -1.38% |
| चना | दिल्ली | 6231.75 | 6124.45 | -1.72% |
| धनिया | कोटा | 7743.75 | 7865.70 | 1.57% |
| क्रूड पॉम ऑयल | कांडला | 779.80 | 767.15 | -1.62% |
| गुड़ | मुजफ्फरपुर | 1384.85 | 1383.25 | -0.12% |
| ग्वारसीड | जोधपुर | 5541.90 | 5497.35 | -0.80% |
| ग्वारगम | जोधपुर | 11189.45 | 11086.40 | -0.92% |
| जीरा | ऊंझा | 39480.50 | 39314.20 | -0.42% |
| सरसों | जयपुर | 5826.00 | 5721.15 | -1.80% |
| रिफाइंड सोया तेल | मुंबई | 927.50 | 900.00 | -2.96% |
| सोयाबीन | इंदौर | 5093.35 | 4995.75 | -1.92% |
| हल्दी | निजामाबाद | 13106.80 | 13377.80 | 2.07% |
| गेहूं | दिल्ली | 2750.65 | 2545.00 | -7.48% |
| कॉटन | कड़ी | 26620.60 | 26676.05 | 0.21% |
| कॉटनऑयलसीडकेक | अकोला | 2896.75 | 2840.75 | -1.93% |

## LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत ( डॉलर में )

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 08.12.2023 | 14.12.2023 | बदलाव( % ) |
|---|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | LME | नकद | 2134.00 | 2206.50 | 3.40% |
| तांबा | LME | नकद | 8448.50 | 8546.50 | 1.16% |
| लेड | LME | नकद | 2025.50 | 2078.00 | 2.59% |
| निकल | LME | नकद | 16806.00 | 16840.00 | 0.20% |
| जिंक | LME | नकद | 2399.50 | 2502.50 | 4.29% |
| सोना | COMEX | जनवरी | 2014.50 | 2049.90 | 1.76% |
| चांदी | COMEX | जनवरी | 23.04 | 24.18 | 4.95% |
| लाइट क्रूड | NYMEX | जनवरी | 71.23 | 71.77 | 0.76% |
| नेचुरल गैस | NYMEX | जनवरी | 2.58 | 2.41 | -6.70% |

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

| कमोडिटी | एक्सचेंज | कॉन्ट्रैक्ट | 018.12.2023 | 14.12.2023 | बदलाव(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन | CBOT | जनवरी | 13.37 | 13.45 | 0.60% |
| सोया तेल | CBOT | जनवरी | 50.20 | 49.51 | -1.37% |
| कॉटन | ICE | मार्च | 81.44 | 80.81 | -0.77% |
| सीपीओ | BMD | फरवरी | 3,740.00 | 3,688.00 | -1.39% |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

| कमोडिटी | यूनिट | 07.12.2023 क्वांटिटी | 14.12.2023 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| कॉटन | मी.टन | 24163 | 24127 | -36 |
| बाजरा | मी.टन | 774 | 774 | 0 |
| मक्का | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| कैस्टर सीड | मी.टन | 8187 | 7948 | -239 |
| चना | मी.टन | 7873 | 6015 | -1858 |
| धनिया | मी.टन | 645 | 2194 | 1549 |
| कॉटनऑयलसीडकेक | मी.टन | 22038 | 22842 | 804 |
| ग्वारगम | मी.टन | 19490 | 19294 | -196 |
| ग्वारसीड | मी.टन | 9 | 9 | 0 |
| जीरा | मी.टन | 1829 | 1663 | -166 |
| मक्का | मी.टन | 0 | 0 | 0 |
| स्टील लॉन्ग | मी.टन | 522 | 522 | 0 |
| हल्दी | मी.टन | 2771 | 2800 | 29 |

## गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

| कमोडिटी | यूनिट | 08.12.2023 क्वांटिटी | 14.12.2023 क्वांटिटी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | मी.टन | 879 | 879 | 0 |
| तांबा | मी.टन | 4687170 | 2886 | -4684284 |
| सोना | किग्रा | 361 | 361 | 0 |
| सोना मिनी | किग्रा | 2464 | 2456 | -8 |
| सोना गिनी | किग्रा | 88700 | 88700 | 0 |
| लेड | किग्रा | 0 | 0 | 0 |
| चांदी (30 किग्रा बार) | किग्रा | 89406 | 80877 | -8530 |
| चांदी एम | किग्रा | 36358 | 36358 | 0 |
| जिंक | मी.टन | 0 | 0 | 0 |

## LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

| कमोडिटी | स्टॉक की स्थिति 08.12.2023 | स्टॉक की स्थिति 14.12.2023 | अंतर |
|---|---|---|---|
| एल्युमीनियम | 452375 | 447575 | -4800.00 |
| तांबा | 182200 | 178075 | -4125.00 |
| निकल | 48138 | 48954 | 816.00 |
| लेड | 130850 | 128650 | -2200.00 |
| जिंक | 215000 | 210050 | -4950.00 |

## ट्रेंड शीट

| एक्सचेंज | कमोडिटी | कांट्रेक्ट | बंद* भाव | ट्रेंड बदलाव की तिथि | ट्रेंड | भाव के ट्रेंड में बदलाव | सपोर्ट | रेजिस्टेंस | क्लोजिंग स्टॉप लास |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| NCDEX | जीरा | जनवरी | 38065.00 | 10.10.23 | मंदी | 58000.00 | - | 41250.00 | 41300.00 |
| NCDEX | हल्दी | अप्रैल | 14950.00 | 20.09.23 | मंदी | 15000.00 | - | 15370.00 | 15450.00 |
| NCDEX | ग्वारसीड | जनवरी | 5532.00 | 05.10.23 | तेजी | 5500.00 | 5350.00 | - | 5320.00 |
| NCDEX | कैस्टरसीड | जनवरी | 5880.00 | 14.09.23 | मंदी | 6300.00 | - | 6230.00 | 6250.00 |
| NCDEX | स्टील लांग | जनवरी | 44440.00 | 27.09.23 | मंदी | 46300.00 | - | 46800.00 | 47000.00 |
| **NCDEX** | **कॉटनऑयलसीडकेक** | **जनवरी** | **2800.00** | **14.12.23** | **मंदी** | **2800.00** | **-** | **2970.00** | **3000.00** |
| MCX | मेंथा ऑयल | दिसम्बर | 940.70 | 27.09.23 | मंदी | 930.00 | - | 967.00 | 970.00 |
| MCX | बुलडेक्स | दिसम्बर | 16317.00 | 10.10.23 | तेजी | 15000.00 | 16050.00 | - | 16000.00 |
| MCX | चांदी | मार्च | 75076.00 | 10.10.23 | तेजी | 69000.00 | 72200.00 | - | 72000.00 |
| MCX | सोना | फरवरी | 62454.00 | 10.10.23 | तेजी | 57500.00 | 61450.00 | - | 61400.00 |
| MCX | तांबा | दिसम्बर | 727.15 | 01.11.23 | तेजी | 707.00 | 707.00 | - | 705.00 |
| MCX | लेड | दिसम्बर | 184.30 | 28.11.23 | साइडवेज | 187.00 | 178.00 | 188.00 | - |
| MCX | जिंक | दिसम्बर | 221.75 | 01.11.23 | तेजी | 220.00 | 207.00 | - | 205.00 |
| MCX | एल्युमिनियम | दिसम्बर | 200.45 | 28.11.23 | साइडवेज | 202.50 | 195.00 | 210.00 | - |
| MCX | कच्चा तेल | जनवरी | 6069.00 | 01.11.23 | मंदी | 6800.00 | - | 6370.00 | 6400.00 |
| **MCX** | **नेचुरल गैस** | **दिसम्बर** | **196.60** | **12.12.23** | **साइडवेज** | **200.00** | **185.00** | **215.00** | **-** |

*14/12/2023 का बंद भाव

नाटः 1. कभी–कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।
2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

## टेक्निकल सुझाव

### कच्चा तेल ( जनवरी ) एमसीएक्स



**कच्चा तेल ( जनवरी ) एमसीएक्स उच्चस्तर: 6944.50 निचला स्तर: 5709.00**

एमसीएक्स में कच्चा तेल (जनवरी) कॉन्ट्रैक्ट 14 दिसम्बर 2023 को 6069.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 6162.67 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 42.74 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**6200.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 5700.00 रू के टारगेट के लिए 6060.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

### हल्दी ( अप्रैल ) एनसीडीईएक्स



**हल्दी ( अप्रैल ) एनसीडीईएक्स उच्च स्तर: 15364.00 निचला स्तर: 12010.00**

एनसीडीईएक्स में हल्दी (अप्रैल) कॉन्ट्रैक्ट 14 दिसम्बर 2023 को 14950.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 13334.00 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 65.405 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

**15400.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 14000.00 रू के टारगेट के लिए 14950.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।**

### तांबा ( दिसम्बर ) एमसीएक्स



**तांबा ( दिसम्बर ) एमसीएक्स उच्चस्तर: 730.90 निचला स्तर: 698.00**

एमसीएक्स में तांबा (दिसम्बर) कॉन्ट्रैक्ट 14 दिसम्बर 2023 को 727.15 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 717.783 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 60.938 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

**712.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 740.00 रू के टारगेट के लिए 722.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।**

# अगले सप्ताह में बाजार का रुख

## मसाले

आगामी सीजन के लिए कमजोर उत्पादन संभावनाओं के संकेत के बाद पिछले सप्ताह हल्दी की कीमतों में तेजी रही। कम कैरीओवर स्टॉक और कम उत्पादन से आने वाले हफ्तों में कुल आपूर्ति में गिरावट होगी, जिससे स्टॉकिस्टों और मिलों को कीमतों में हर गिरावट पर हल्दी खरीदने के लिए बढ़ावा मिलेगा। मौसमी कीमतों को ध्यान में रखते हुए, आगामी सीजन में उत्पादन की कमजोर संभावनाओं के कारण दिसंबर में हल्दी की कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। भारत में खाद्य और चिकित्सा उपयोग में वृद्धि के साथ-साथ मजबूत निर्यात मांग के कारण कीमतों में बड़ी गिरावट को रोक लग सकती है। बेहतर मांग की संभावना के कारण अप्रैल वायदा लगभग 2400 के प्रीमियम पर रहा। हल्दी के तहत कम उत्पादन क्षेत्र के कारण चालू वर्ष (2023-24) के 10.45 लाख टन के उत्पादन की तुलना में कुल उत्पादन कम रहने की संभावना है। वर्ष 2024-25 में रकबा कम हो गया जिससे उत्पादन में कम से कम 8%-10% गिरावट आएगी। हल्दी की कीमतों में हाल ही में गिरावट के बाद मौसमी निर्यात के अनुसार आने वाले महीनों में हल्दी निर्यात बढ़ने की उम्मीद है, जिससे हल्दी की कीमतों को समर्थन मिलेगा। बांग्लादेश के आयात में गिरावट के साथ सितंबर-24 में भारतीय हल्दी का निर्यात साल-दर-साल 35% गिरकर 9.0 हजार टन रह गया। तेलंगाना में फरवरी से नई फसल का मौसम शुरू होने की संभावना है, जो स्टॉकिस्टों को बेहतर रिटर्न पर स्टॉक बेचने के लिए प्रेरित करेगा। आने वाले दिनों में हल्दी (अप्रैल) की कीमतों के 14400-16100 के दायरे में रहने की संभावना है।

पिछले सप्ताह जीरा वायदा में शॉर्ट कवरिंग देखी गई, जिससे कीमतों में तेजी आई। नए सिरे से की गई खरीदारी और अंतिम स्टॉक काफी कम होने से कीमतों को मदद मिली। बाजार में गुणवत्तापूर्ण उपज की सीमित उपलब्धता और मिल मालिकों के पास कम स्टॉक से कीमतों में मजबूती दर्ज की गई। गुजरात में जीरा की ताबड़तोड बुआई के कारण जीरा में बढ़त सीमित होने की संभावना है। गुजरात में 11 दिसंबर तक लगभग 4.33 लाख हेक्टेयर में जीरा की बुआई हुई है जबकि पिछले वर्ष 2.24 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी। इसी प्रकार, राजस्थान में अब तक लगभग 6.6 लाख हेक्टेयर में जीरा की बुआई हुई है, जबकि पिछले वर्ष 5.6 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी। बेहतर उत्पादन संभावनाओं के कारण जीरा में नरमी जारी रहने की संभावना है, जिससे घरेलू बाजार में आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद में स्टॉकिस्टों को अपना स्टॉक खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अप्रैल-23-सितंबर-23 के दौरान कुल जीरा निर्यात में साल-दर-साल 32% की गिरावट हुई है। जीरा की कीमतें 32000-46000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

आगामी सीजन के लिए धीमी बुआई प्रगति के कारण धनिया की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना है। गुजरात में खरीफ की फसल में देरी के कारण वर्ष 2023 में अब तक बुआई गतिविधियाँ पिछले वर्ष की तुलना में धीमी हैं क्योंकि 11 दिसंबर तक गुजरात में केवल 1.08 लाख हेक्टेयर में धनिया बुआई हुई है, जबकि पिछले वर्ष 2.07 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी। इसी प्रकार, राजस्थान में पिछले वर्ष के 50 हजार हेक्टेयर के मुकाबले लगभग 47.2 हजार हेक्टेयर में बुआई हुई। मजबूत निर्यात मांग से आगे कीमतों को समर्थन मिलने की संभावना है। भारत ने पिछले वर्ष के 2.5 हजार टन के मुकाबले सितंबर-23 में लगभग 4 हजार टन धनिया का निर्यात किया, जबकि अप्रैल-23-सितंबर-23 के दौरान कुल निर्यात 66.2 हजार टन दर्ज किया गया, जो साल-दर-साल 297% अधिक है। धनिया की कीमतों के 7100-8150 के दायरे में रहने की संभावना है।

## अन्य कमोडिटीज

बाजार में बढ़ती आवक के दबाव के कारण कपास की कीमतों में गिरावट की उम्मीद है। 14 दिसंबर को लगभग 1.6 लाख गांठ की आवक हुई, जबकि पिछले वर्ष की 80 लाख गांठ की तुलना में कुल आवक 63 लाख गांठ तक पहुंच गई है। अंतर्राष्ट्रीय कपास सलाहकार समिति ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक स्तर पर कपास उत्पादन लगातार दूसरे वर्ष खपत से अधिक होने की उम्मीद है। 2023-2024 सीजन में वैश्विक स्तर पर कपास उत्पादन 3.25% बढ़कर 25.4 मिलियन मीट्रिक टन होने का अनुमान है, जबकि खपत मामूली गिरावट के साथ 23.4 मिलियन मीट्रिक टन होने की उम्मीद है। कटाई गतिविधियों में प्रगति के साथ नई फसल की आवक में तेजी आने की संभावना है। एमसीएक्स पर कॉटन (दिसम्बर) की कीमतों के 54500-58000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-24) वायदा की कीमतों में 1530-1620 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

पशु आहार उद्योग में मांग संबंधी चिंताओं के कारण कॉटनऑयलसीडकेक की कीमतों में नरमी रहने की उम्मीद है। वैकल्पिक भोजन की उपलब्धता बढ़ने से कीमतें दबाव में रहेंगी। कॉटनसीडऑयलकेक की कीमतों के 2640-2850 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में आपूर्ति कम होने से ग्वारसीड वायदा कीमतों में तेजी की उम्मीद है। आवक की गति धीमी हो गई है जिससे मिल मालिकों को मौजूदा दरों पर खरीदारी करने के लिए बढ़ावा मिलेगा क्योंकि ग्वारमील की कीमतों में वृद्धि के साथ पेराई मार्जिन में सुधार हुआ है। ग्वारमील की बढ़ती मौसमी मांग से आने वाले हफ्तों में ग्वारसीड की पेराई मांग अधिक रहने की संभावना है। वर्ष 2023-24 में ग्वारसीड का कुल उत्पादन साल-दर-साल 11% -13% कम हो गया है, जिससे मिलों के पास भंडार कम हो गया है। ग्वारगम की कमजोर निर्यात संभावनाओं से बढ़त सीमित होने की संभावना है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट और अमेरिका में रिग काउंट में गिरावट ने ग्वारगम की निर्यात क्षमता पर चिंता बढ़ा दी है, जिससे ग्वार की कीमतें कम हो गई हैं। ग्वारसीड की कीमतों को 5450 के करीब सपोर्ट मिलने की संभावना है जबकि रेजिस्टेंस 6000 पर देखा जा सकता है। इसी तरह, ग्वारगम की कीमतों को 10700 पर सपोर्ट रहने की संभावना है जबकि रेजिस्टेंस 12800 पर देखा जा सकता है।

घरेलू बाजार में खरीदारी बढ़ने से मेंथा ऑयल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है। वर्ष 2023 में उत्पादन में गिरावट के साथ आपूर्ति में गिरावट हुई है और इससे आगे कीमतों की तेजी को मदद मिल सकती है। लेकिन मेंथा ऑयल का सुस्त निर्यात अभी भी निर्यातकों के लिए बड़ी चिंता का विषय है, जिससे बढ़त सीमित रह सकती है। भारत ने अप्रैल-23-अगस्त-23 के दौरान लगभग 692 टन मेंथा तेल का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष के 886 टन की तुलना में यह 21% कम है। मेंथा ऑयल (दिसम्बर) वायदा की कीमतों को 900 के करीब सपोर्ट मिलने की संभावना है और 980 पर रेजिस्टेंस रह सकता है।

बाजार में आपूर्ति कम होने के कारण अरंडी की कीमतों में बढोतरी होने की संभावना है। आवक कम हो गई है क्योंकि किसान कीमतों में और वृद्धि की उम्मीद में अपना स्टॉक जारी करने में अनिच्छुक हैं। लेकिन अरंडी के तेल और केक की धीमी मांग अभी भी एक बड़ी चिंता है जो कीमतों में अत्यधिक वृद्धि को रोक देगी। भारत ने अप्रैल 23-अक्टूबर 23 के दौरान लगभग 213 हजार टन अरंडी का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 189 हजार टन निर्यात हुआ था। अरंडी वायदा की कीमतों के 5600-6250 के दायरे में रहने की संभावना है।

## सर्राफा

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को बनाए रखने के फैसले और मुद्रास्फीति में उम्मीद से अधिक तेजी से गिरावट के कारण 2024 में दरों में तीन कटौती के संकेत के बाद डॉलर और ट्रेजरी की यील्ड में गिरावट होने से सोने में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने उधार लेने की लागत में कटौती पर संभावित चर्चा का संकेत दिया, जिससे बाजार का उम्मीद है कि मार्च में दर में कटौती की 75% संभावना है। अमेरिकी खुदरा बिक्री के बेहतर आंकड़ों और साप्ताहिक बेरोजगारी के दावों में गिरावट के बावजूद, दर में संभावित कटौती की उम्मीदों में कोई बदलाव नहीं किया। फेड के 19 में से सत्रह अधिकारियों ने 2024 के अंत तक कम ब्याज दरों का अनुमान लगाया। इसके साथ ही, यूरोपीय सेंट्रल बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने मुद्रास्फीति की चिंताओं को दूर करने के लिए दरों के ऊंचे स्तर को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध होकर अपनी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नही किया। चार महीने के निचले स्तर पर पहुंचने के बाद डॉलर में साप्ताहिक गिरावट हुई, जिससे अन्य मुद्राओं के धारकों के लिए सोना अधिक किफायती हो गया। बेंचमार्क अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड जुलाई के बाद से अपने सबसे निचले स्तर के करीब रही। चीन के आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में औद्योगिक उत्पादन उम्मीद से अधिक बढ़ गया है, जो दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू ठीक हो रहे हैं। लेकिन खुदरा बिक्री और अचल संपत्ति निवेश के आंकड़े उम्मीदों पर खरे नही उतरे। कॉमेक्स पर, सोने की कीमतों को 1980 डॉलर के आसपास मजबूत सपोर्ट मिला और 2080 डॉलर के पास रेजिस्टेंस का सामना करना पड़ा। अब इस दायरे के दोनों ओर ब्रेकआउट होने पर ही कीमतों की दिशा निर्धारित की जाएगी। चांदी ने चार्ट पर तेजी का रूख दिखाया, जिसमें 22.65 डॉलर के करीब संभावित सपोर्ट और 25.00 डॉलर के आसपास रेजिस्टेंस था। आगामी दिनों में एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में तेजी का रूख बने रहने की उम्मीद है, और कीमतें 61000-63900 के दायरे में कारोबार कर सकती है, जबकि चांदी की कीमतें 71500-77000 के दायरे में कारोबार कर सकती है।

## एनर्जी कॉम्पलेक्स

आगामी वर्ष के लिए तेल की मांग पर अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सकारात्मक दृष्टिकोण और कमजोर डॉलर के कारण कच्चे तेल की कीमतों में दो महीनों में पहली साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई। 2024 में ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावित समाप्ति और 2024 में उधार लेने की अनुमानित लागत कम होने के फेड के संकेत के कारण डॉलर कमजोर हुआ, जिससे विदेशी खरीदारों के लिए डॉलर में बिकनेवाला तेल अधिक किफायती हो गया और संभावित रूप से मांग में वृद्धि हुई। यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों का खंडन करते हुए पुष्टि की है कि कम मुद्रास्फीति की उम्मीदों के बावजूद उधार लेने की लागत रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहेगी। आईईए की मासिक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में विश्व स्तर पर तेल की खपत 1.1 मिलियन बैरल प्रति दिन बढ़ने का अनुमान है, जो पिछले पूर्वानुमान से 130,000 बैरल प्रति दिन अधिक है। इस सकारात्मक दृष्टिकोण का श्रेय बेहतर अमेरिकी मांग परिदृश्य और तेल की कम कीमतों को है। लेकिन, 2024 के लिए आईईए का अनुमान पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन के 2.25 मिलियन बैरल प्रति दिन की मांग वृद्धि के पूर्वानुमान से कम है। वैश्विक स्तर पर दूसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता चीन के हाल ही में कमजोर आर्थिक आंकड़ों ने तेल की कीमतों पर दबाव बढ़ा दिया है। गैर-सरकारी रिफाइनरियों पर मार्जिन दबाव के कारण नवंबर में रिफाइनरी परिचालन 2023 की शुरुआत के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया, जिससे उत्पादन में कटौती हुई। चीन के संपत्ति बाजार में चुनौतियों के बावजूद, औद्योगिक उत्पादन और खुदरा बिक्री के आंकड़ें उम्मीद से बेहतर रहे, जिससे देश में कोविड के बाद लगातार आर्थिक सुधार के बीच बाजार के सेंटीमेंट को कुछ राहत मिली। आगामी दिनों में एमसीएक्स पर कच्चे तेल की कीमतों के 5700-6200 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसके विपरीत, मजबूत आपूर्ति और सर्दियों के दौरान कम मांग के कारण नेचुरल गैस की कीमतों में सातवें सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। इस सप्ताह गैस की कीमतों मामूली उछाल की उम्मीद है, जिसमें 185 के आसपास सपोर्ट और 215 के करीब रेजिस्टेंस रह सकता है।

## बेस मेटल

बेस मेटल की कीमतें तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार कर सकती हैं क्योंकि कमजोर डॉलर और अगले साल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कारण आर्थिक विकास और धातुओं की मांग को बढ़ावा मिलेगा। शीर्ष धातु उपभोक्ता चीन में संकटग्रस्त संपत्ति क्षेत्र के बारे में सेंटीमेंट को बेहतर बनाने में मदद करने वाली खबर यह है कि बीजिंग और शंघाई ने घर खरीद प्रतिबंधों में ढील दी है। लेकिन हालाँकि, चीन की एजेंडा-सेटिंग बैठक का विवरण निवेशकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में विफल रहा है और दुनिया के शीर्ष उपभोक्ता से मांग के आउटलुक को धूमिल कर दिया है। फिर भी, वैश्विक खनन कंपनी रियो टिंटो के अध्यक्ष नेएक शीर्ष चीनी अधिकारी के साथ बैठक के बाद चीन की आर्थिक विकास क्षमता के बारे में उम्मीद व्यक्त की और वहां अपनी दीर्घकालिक रणनीति पर कायम रहने को कहा है। तांबें की कीमतें 710-735 के दायरे में कारोबार कर सकती है। तांबे की आपूर्ति में अपेक्षित कमी है, जिससे कीमतों पर काफी दबाव पड़ने की संभावना है क्योंकि खदानें बंद होने और उत्पादन में कटौती से अगले साल के लिए सरप्लस की कहानी बदल सकती है। जिंक की कीमतें 210-232 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। नवंबर में, चीन का रिफाइंड उत्पादन माह-दर-माह 4.23% घटकर 579,000 मिलियन टन रह गया। लेड की कीमतें 180-189 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 194-208 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में चीन का प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 4.8% बढ़कर 3.54 मिलियन मीट्रिक टन हो गया, क्योंकि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों ने एल्युमीनियम की ठोस मांग को पूरा करने के लिए नई क्षमता बढ़ायी है। स्टील लॉन्ग (जनवरी) वायदा की कीमतें तेजी के रूझान के साथ 43500-45500 के दायरे में कारोबार कर सकती है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में चीन में कच्चे इस्पात का उत्पादन पिछले महीने से 3.8% कम हो गया, जो लगातार पांचवें महीने गिरावट को बढ़ाता है, क्योंकि कम मार्जिन और धीमी मांग ने कई इस्पात निर्माताओं के उत्पादन के प्रति उत्साह को कम कर दिया है।

## जीरा मिनी.........एनसीडीईएक्स पोर्टफोलियो का एक नया सदस्य

जीरा न केवल अपने छौंक के साथ एक जायकेदार एजेंट है बल्कि आजकल इसकी कीमत ने बाजार के कारोबारियों को मुनाफे के तडके से चौंका दिया है। वर्ष 2022 में जीरा सबसे अधिक आकर्षण के केन्द्र में रहा है जिसने अधिक निर्यात मांग और पूरे भारत के प्रमुख उत्पादक राज्यों में उत्पादन कम होने से आपूर्ति की चिंताओं के कारण 92% से अधिक की जोरदार तेजी देखी गई । वर्ष 2023 की शुरुआत के बाद से, जीरा वायदा में 100% से अधिक की वृद्धि हुई है, और सितंबर में कीमतें 65,900 रुपये प्रति 100 किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। उसके बाद दिसंबर में कीमतें गिरकर लगभग 36,000 रुपये तक पहुंच गई, क्योंकि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में बुआई में सुधार हुआ।

जीरा वायदा की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अधिक अस्थिरता ने एक्सचेंज को 30-33% तक का अधिक मार्जिन लगाने के लिए मजबूर किया है। उच्च अस्थिरता और मार्जिन ने न केवल कई मसाला मिलों और ब्लेंडिंग कंपनियों के लिए जीरा वायदा को महंगा बना दिया है, बल्कि छोटे निवेशकों, किसान उत्पादक संगठनों और व्यापारियों के लिए व्यापार करना और अपनी पोजीशन को हेज करना भी असुरक्षित हो गया है।

इसलिए, छोटे व्यापारियों और निवेशकों के हित को ध्यान में रखते हुए और व्यापारियों और किसान उत्पादक संगठनों की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज 19 दिसंबर, 2023 को जीरा मिनी कॉन्ट्रैक्ट में कारोबार शुरू करने जा रहा है। जनवरी 2024, मार्च 2024 और अप्रैल 2024 ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होंगे।

**जीरा मिनी (जीरामिनी) वायदा के कॉन्ट्रैक्ट स्पेशिफिकेशन**

| | |
|---|---|
| ट्रेडिंग यूनिट | 1 मीट्रिक टन |
| डिलिवरी यूनिट | 1 मीट्रिक टन |
| अधिकतम ऑर्डर आकार | 50 मीट्रिक टन |
| आधार मूल्य | रु. प्रति क्विंटल |
| टिक साइज | 5 रु. |
| क्वांटिटी भिन्नता | क्वांटिटी भिन्नता +/-5% |
| डिलीवरी केंद्र | उंझा में अनुमोदित गोदामों पर (नगरपालिका सीमा से 60 किमी के दायरे तक) |
| अतिरिक्त डिलीवरी केंद्र | जोधपुर में स्वीकृत गोदामों पर अतिरिक्त वितरण केंद्र (60 किमी के दायरे तक) नगर निगम सीमा से) स्थानवार प्रीमियम/छूट के साथ । |
| डिलिवरी लॉजिक | अनिवार्य डिलिवरी |
| अधिकतम पोजिशन सीमा | सदस्य : 31,320 मीट्रिक टन या कमोडिटी में बाजार के व्यापक ओपेन इंटरेस्ट का 15%, जो भी अधिक हो।<br>ग्राहक : 3,132 मीट्रिक टन<br>निकट माह के कॉन्ट्रैक्ट के लिए<br>सदस्य: 7,830 मीट्रिक टन या उस कमोडिटी में सदस्य की कुल पोजिशन सीमा का एक-चौथाई, जो भी अधिक हो।<br>ग्राहक : 783 मीट्रिक टन |
| डिलिवरी विशिष्टता | टेंडर अवधि के दौरान, यदि कोई डिलिवरी विक्रेता द्वारा प्रस्तुत की जाती है, तो संबंधित खरीदार, जिसकी ओपेन पेजिशन है और एक्सचेंज द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मेल करता है, तो डिलीवरी केंद्र से टी+ 2 दिन पर डिलीवरी लेकर निपटान करने के लिए बाध्य होगा जहां विक्रेता ने डिलीवर किया है। |

भारत में जीरा का उत्पादन क्षेत्र (लाख हे. में) और उत्पादन (लाख टन में)




स्रोत: भारतीय मसाला बोर्ड और एसएमसी रिसर्च

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com


smc moneywise. be wise.

**Corporate Office:**
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

**Mumbai Office:**
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

**Kolkata Office:**
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004



प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्त्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

**डिसक्लेमर:** यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उदेश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।